दिनांकः 14.04.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती पर आज प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम–राज्य स्तरीय समारोह जयपुर में।
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा–नई दिल्ली के बीच नई रेल सेवा को हरी झंडी दिखाई।
- राज्य में ईआरसीपी कार्यों को समय पर और पारदर्शिता के साथ पूरा करने के लिए राज्य सरकार ने प्रयास तेज़ किये।
- प्रदेश में आंधी–बारिश का दौर के धीमा पड़ने के बाद तापमान में फिर से बढ़ोतरी–आज से पश्चिमी राजस्थान में हीटवेव का नया दौर शुरू होने की संभावना।

000

राष्ट्र, आज संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला सहित कई केंद्रीय मंत्री, सांसद और अन्य गणमान्य लोग आज संसद परिसर में बाबासाहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी डॉ. भीमराव आम्बेडकर को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि बाबा साहेब की प्रेरणा के कारण ही आज देश सामाजिक न्याय के सपने को साकार करने में समर्पित भाव से जुटा हुआ है। श्री मोदी ने कहा कि डॉ. आम्बेडकर के सिद्धांत और आदर्श आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण को मजबूती और गति मिलेगी।

प्रदेशभर में भी आंबेडकर जयंती पर समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मान कि साथ याद किया जा रहा है। जिला मुख्यालयों पर पुष्पांजलि, संगोष्ठी, प्रभात फेरी और समरसता रैली के साथ ही विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं। राज्य स्तरीय मुख्य आयोजन जयपुर में रखा गया है। राजस्थान इंटरनेशनल सेन्टर में होने वाले इस समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शिरकत करेंगे।
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने बताया कि इस अवसर पर मुख्यमंत्री, विशेष वर्गों और वंचितों को विभिन्न सौगातें देंगे। इनमें, एससी एसटी उद्यमियों को औद्योगिक भूखंड, सफाई कर्मचारियों के लिए एक मुश्त समझौता योजना तथा नशा मुक्ति केन्द्रों का शुभारंभ शामिल है।
उन्होंने बताया कि इस दौरान मुख्यमंत्री अम्बेडकर पंचतीर्थ योजना की बस को हरी झंडी दिखाएंगे और इस साल की बजट घोषणा में संचालित मुख्यमंत्री आयुष्मान बाल संबल योजना की पहली स्वीकृतियां भी जारी करेंगे। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, राज्यसभा सांसद मदन राठौड, सांसद और राज्य सरकार के मंत्री, विधायक और जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

000

आंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर रेलवे ने कोटा होते हुए अम्बेडकर नगर–उज्जैन–दिल्ली के बीच नई रेलसेवा शुरू की है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कल रात कोटा से इस रेलगाडी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी कार्यक्रम में वीसी के माध्यम से जुड़े। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि इस ट्रेन के जरिए बाबा साहेब आम्बेडकर के आदर्शों और उनकी जीवनी को करीब से जानने को मौका मिलेगा।

...........

कार्यक्रम से वर्चुअल रूप से रेलमंत्री ने उम्मीद जतायी कि इस रेलसेवा से वर्ष 2028 में उज्जैन में प्रस्तावित सिंहस्थ कुंभ के दौरान श्रद्धालुओं को विशेष लाभ मिलेगा।

...........

गौरतलब है कि ये रेलगाडी आज से दिल्ली से कोटा और अम्बेडकर नगर के बीच नियमित रूप से संचालित होगी। यह ट्रेन कोटा को दिल्ली से सीधे जोड़ेगी, जिससे व्यापार, शिक्षा, पर्यटन और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

000

भारतीय जनता पार्टी डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती के सिलसिले में 25 अप्रेल तक प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। 13 दिवसीय समारोह की कल से शुरूआत हुई। पहले दिन बाबा साहेब की प्रतिमाओं की साफ–सफाई और पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया। शाम को दीपोत्सव का आयोजन हुआ। झुंझुनूं के पार्टी जिला अध्यक्ष बनवारी लाल सैनी ने बताया कि इस दौरान बाबा साहेब की जीवनी पर आधारित संगोष्ठियां रखी जाएंगी, पुस्तकें और प्रचार साहित्य का वितरण किया जाएगा।

...........

000

पंजाब नेशनल बैंक से ऋण धोखाधडी के मुख्य आरोपी और हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 65 वर्षीय चोकसी को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई के अनुरोध और मुंबई की एक अदालत के दो गिरफ्तारी वारंट के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। मेहुल चोकसी, पंजाब नेशनल बैंक में साढे 13 हजार करोड़ रुपये के ऋण धोखाधड़ी मामले में जनवरी 2018 से फरार चल रहा था। वह परिवार सहित बेल्जियम के शहर अंतरीप में रह रहा था। 2018 में भारत से फरार हो गए थे।

000

प्रदेश में ईआरसीपी कार्यों को समय पर और पारदर्शिता के साथ पूरा करने के लिए जल संसाधन विभाग तेजी से काम कर रहा है। विभाग के मंत्री सुरेश सिंह रावत ने परियोजना की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि किशनगंज तहसील में रामगढ़ बैराज और पार्वती नदी पर मांगरोल तथा महलपुर बैराज के कार्यों के लिए भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही अंतिम चरण में है। उन्होंने बताया कि परियोजना के कार्यों के लिए 8 गांवों की 168 हेक्टेयर भूमि की अवाप्ति अंतिम चरण में है। श्री रावत ने बताया कि मुआवजा राशि का भुगतान भी जल्द ही जारी कर दिया जाएगा। परियोजना कार्यों की समय सीमा 2028 तक निर्धारित की गयी है।

000

सरहदी जिले जैसलमेर के रेलवे स्टेशन पर 140 करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हो रहे इन कार्यों के पूरा होने पर यहां आने वाले सैलानियों और यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी। ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

...........

000

प्रदेश में दो दिन तक चले आंधी–बारिश के दौर के धीमा पड़ने के बाद तापमान में फिर से बढ़ोतरी होने लगी है। बीते 24 घंटों में 9 शहरों में दिन का पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार कल बाड़मेर में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस मापा गया। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आगामी तीन–चार दिन मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है और आज से पश्चिमी राजस्थान में हीटवेव का नया दौर शुरू होगा।

...........

000